दिनांक 23.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

हाउसिंग सोसायटियों में चला सफाई अभियान सबने ली गंदगी न करने की शपथ

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा थीम के अनुसार आज रहवासी संघ मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के रहने वाले निवासियों के बीच में जाकर स्वच्छता अभियान चलाना एवं उनके परिसर से निकलने वाले कचरे को वहीं पर वैज्ञानिक ढंग से किस प्रकार निष्पादन किया जाये जिसका प्रशिक्षण शिविर चलाया गया। कल्पकृति एवं लक्ष्मी ग्रीन सिटी के निवासियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया स्वच्छ भारत अभियान से जुड़कर महिलाओं एवं बच्चों ने कहा हम अपने भिलाई शहर को 10 प्रमुख स्वच्छ शहरों में लाना चाहते हैं इसके लिए जो भी सहयोग हो सकता है हमसब मिलकर करेंगे।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने सफाई अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों को गीले कचरे से किस प्रकार अपने ही सोसायटी या घर के गमले में खाद बनाई जाये उसकी विधि बताई हम अगर वैज्ञानिक ढंग से अपने घर के कचरे को वहीं पर निष्पादन करना चाहें तो 15 दिन के अंदर जैविक खाद तैयार करे सकतें है। सुखे कचरे को बेचकर पैसा प्राप्त कर सकते है जिसका रिसायकल होकर पुनः वस्तु निर्माण किया जा सकता है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के थीम के अुनसार जोन आयुक्त संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी आरके साहू, अभियंता महावीर देवांगन, प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ कुशवाहा, लक्ष्मीग्रीन सोसायटी के डायरेक्टर राधे वाजपेयी, अतुल वाजपेयी, बी.एन. सिंह, आनंद मुरली, मीरा शर्मा, निलिमा चौधरी, शारदा कल्पकृति सोसायटी से एके मण्डल अध्यक्ष बापी घोष, विरेन्द्र भौमिक, निवेदिता पात्रो, मौसमी घोष, सोनाली भादुड़ी, ने अपने सभी सोसायटी के सदस्यों के साथ स्वच्छता शपथ लिये कि न तो गंदगी करुंगा और न ही दुसरो को करने दुंगा, घर से निकलने वाले गीले कचरे को हरे डस्टबीन में और सुखे कचरे को नीले डस्टबीन में डालेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पलिक निगम भिलाई